नाम..................                                   अनुक्रमांक..................

**B/15,000**

# वार्षिक परीक्षा, 2025

# सामाजिक विज्ञान

# कक्षा—9

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट]**                                   **[पूर्णांक**

---

**निर्देश—**(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों—'अ' एवं 'ब' में विभाजित है।

(iii) खण्ड-'अ' में 20 अंक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। इनके उत्तर ओ.एम.आर. शीट पर देने हैं।

(iv) खण्ड 'ब' 50 अंकों का है। इसमें वर्णनात्मक-1, वर्णनात्मक-2 एवं मानचित्र सम्बन्धी दो प्रश्न हैं। (क) विश्व का मानचित्र, (ख) भारत का मानचित्र।

(v) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(vi) दिए गए मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

## खण्ड-अ

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. फ्रांस की क्रान्ति का तात्कालिक कारण क्या था ?

(A) लुई 16वें की निरंकुशता  अधिवेशन
(B) रिक्त राजकोष                (D) इनमें सभी
(C) एस्टेट्स जनरल का

2. रूस की क्रान्ति का प्रमुख नेता कौन था ?

(A) लेनिन (C) गोर्की
(B) स्टालिन (D) टॉल्स्टॉय

3. 'धुरवा एवं भतरा' किस क्षेत्र के आदिवासी समुदाय हैं ?

(A) बस्तर (C) मालवा
(B) छोटानागपुर (D) संधाल परगना

4. प्रथम विश्व युद्ध में जर्मनी का साथी देश था—

(A) रूस (B) ऑस्ट्रिया (C) फ्रांस (D) अमेरिका

5. चॉकलेट में प्रयोग होने वाला तेल प्राप्त होता है—

(A) शीशम के बीजों से (C) साल के बीजों से
(B) कपास के बीजों से (D) टीक के बीजों से

6. संविधान सभा की बैठक कितने दिन हुई ?

(A) 108 (C) 130
(B) 114 (D) 150

7. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति कौन करता है ?

(A) उप-राष्ट्रपति (C) राष्ट्रपति
(B) स्पीकर (D) प्रधानमंत्री

8. भारतीय संविधान में नागरिकों को कितने मूल अधिकार प्राप्त हैं ?

(A) 6 (B) 9 (C) 10 (D) 12

9. देश में संकटकाल की घोषणा कौन करता है ?

(A) राष्ट्रपति
(C) प्रधानमंत्री
(B) संसद
(D) लोक सभा

10. राज्य सभा का पदेन सभापति कौन हो सकता है ?

(A) प्रधानमंत्री
(C) उपराष्ट्रपति
(B) राष्ट्रपति
(D) संसदीय मामले का मंत्री

11. कंचनजंघा किस देश में स्थित है ?

(A) नेपाल
(C) बांग्लादेश
(B) भूटान
(D) भारत

12. गंगा नदी की लम्बाई है—

(A) 2000 किमी
(C) 2900 किमी
(B) 2500 किमी
(D) 3100 किमी

13. किस स्थान पर विश्व में सबसे अधिक वर्षा होती है ?

(A) सिलचर
(C) मौसिनराम
(B) चेरापूँजी
(D) गुवाहाटी

14. भारत के उत्तर में स्थित है—

(A) अरब सागर
(C) हिमालय पर्वत
(B) चीन सागर
(D) ये सभी

15. गंगा की सबसे बड़ी सहायक नदी है—

(A) गोदावरी
(C) महानदी
(B) गण्डक
(D) यमुना

16. वर्षा मापन की इकाई क्या है ?

(A) घन मीटर
(B) मिमी
(C) हेक्टेयर
(D) किलोमीटर

17. भारत में निर्धनता के मुख्य कारण हैं—

(A) भूमिहीनता
(B) बेरोजगारी
(C) निरक्षरता
(D) ये सभी

18. भारत में राशन की दुकानें लगभग कितनी हैं ?

(A) 5 लाख
(B) 5.5 लाख
(C) 6 लाख
(D) 4 लाख

19. मानव पूँजी निर्माण में किसका योगदान होता है ?

(A) शिक्षा
(B) स्वास्थ्य
(C) प्रशिक्षण
(D) ये सभी

20. अंत्योदय अन्न योजना किस वर्ष शुरू की गई थी ?

(A) 1998 में
(B) 2000 में
(C) 2002 में
(D) 2005 में

## **खण्ड-'ब'**
## **(वर्णनात्मक प्रश्न-1)**
## **(उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए)**

1. 1917 ई० की रूसी क्रांति के राजनीतिक कारणों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

द्वितीय विश्व युद्ध के कारणों की विवेचना कीजिए।

2. भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य क्यों कहा जाता है ?

UPBoardHub

**अथवा**

लोकतंत्र की मुख्य विशेषताएँ बताइए।

3. भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

बाँगर और खादर भूमि में अंतर स्पष्ट कीजिए।

4. बेरोजगारी से क्या अभिप्राय है ? इसके प्रकारों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

खाद्य सुरक्षा की आवश्यकता क्यों है ?

**(वर्णनात्मक प्रश्न-2)**
**(उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए)**

5. फ्रांसीसी क्रांति के सामाजिक एवं आर्थिक कारणों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

नात्सीवाद के मुख्य विचारों का वर्णन कीजिए।

6. भारतीय संविधान में वर्णित स्वतंत्रता के अधिकार की विवेचना कीजिए।

**अथवा**

संसद के कार्यों (शक्तियों) का वर्णन कीजिए।

7. भारत में बढ़ती हुई जनसंख्या से उत्पन्न समस्याओं की विवेचना कीजिए।

**अथवा**

भारत में पाई जाने वाली विभिन्न प्रकार की वनस्पति का वर्णन कीजिए।

8. मानव पूँजी निर्माण का अर्थ एवं महत्व बताइए।

**अथवा**

निर्धनता को दूर करने के उपायों पर प्रकाश डालिए।

9. **मानचित्र कार्य—**

(क) निम्नलिखित स्थानों को दिए गए विश्व के रेखा-मानचित्र में ⊙ चिन्ह द्वारा नाम सहित दर्शाइए—

(i) बेल्जियम

(ii) ऑस्ट्रिया

(iii) जर्मनी

(iv) इटली

(v) जापान

(ख) दिए गए भारत के रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए—

(i) नर्मदा नदी ≻ चिन्ह द्वारा नाम सहित।

(ii) कार्बेट पार्क ▲ चिन्ह द्वारा नाम सहित।

(iii) के-2 पर्वत चोटी **M** चिन्ह द्वारा नाम सहित।

(iv) कँटीले वन ⬭ चिन्ह द्वारा नाम सहित।

(v) पश्चिमी घाट ⌒ चिन्ह द्वारा नाम सहित।